an>

Title: Need to promote online sale of 'Made in India' products.

श्री महेश गिरि (पूर्वी दिल्ली) ः पिछले कुछ वर्षों में ई-कॉमर्स पोर्टल्स ने काफी तेजी से प्रगति की है और उपभोक्ताओं को न केवल घर बैठे कम दामों पर खरीददारी करने की सुविधा दी है बल्कि आज वह इन पोर्टल्स के कारण ज्यादा सतर्क और जानकार है। हाल ही में टैक्सटाइल मंत्रालय द्वारा हैंडलूम इंडस्ट्री को ई-कॉमर्स पोर्टल्स के साथ जोड़ने का कदम काफी सराहनीय है।

इसी संदर्भ में मैं यह अनुरोध करना चाहूंगा कि टैक्नोलॉजी का फायदा पूरे तरीके से उठाकर "मेक इन इंडिया" प्रोग्राम को बल प्रदान करने के लिए यह अनिवार्य किया जाये कि इन सभी ई-कॉमर्स पोर्टल्स, वेबसाइट और मोबाइल एप पर "मेड इन इंडिया" का फिल्टर लगाएं ताकि यह पता चल सके कि कौन-सा उत्पाद भारत में निर्मित है। इससे न केवल घरेलू निर्माताओं तथा देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा बल्कि उपभोक्ता भी अधिक सटीक तरीके से खरीदारी कर सकेगा।